of health

Class - U.G. Sem. V (Hons).

Paper - Health Psychology DSE-02

by

Dr. Suhina Chatterjee

## Biopsychosocial Model of health

इस Model का सबसे पहले प्रतिपादन Georege Engel (1977) द्वारा किया गया था, उनके अनुसार किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को समझने के लिए सिर्फ उसके जैविक कारक नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कारकों पर भी विचार किया जाना चाहिए,

Figure 1 - Model of Biopsychosocial.




Health Psychology इस बात की जाँच करके स्पष्ट करते हैं कि जैविक, मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कारक व्यक्ति के व्यवहार तथा स्वास्थ्य (मानसिक /शारीरिक) को प्रभावित करते हैं।

Friedman and Adler के अनुसार यह Model न सिर्फ इन तीन कारकों की व्याख्या करता हैं बल्कि स्वास्थ्य के विकास पर भी प्रकाश डालता हैं। जैविक, मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कारक किस प्रकार आपस मे अन्तःक्रिया करता है इसकी व्याख्या इस Model मे की जाएगी।

Scanned by TapScanner

Biopsychosocial model के अन्तर्गत यह देखा जाता है कि कैसे एक dynamic दूसरे dynamic को प्रभावित करता है और साथ ही साथ स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है।

+ Physical dynamic (Biological factor)
+ Psychological dynamic (Psychological factor)
+ Social dynamic (Social factor).

इन तीनों dynamic की व्याख्या इस प्रकार हैं।

1) Physical / Biological dynamics => इसके अन्तर्गत शारीरिक अंग जैसे immune System, cardiovascular System, limbic System कैसे शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है इसका विश्लेषण किया जाता हैं।

2) Psychological dynamics => Psychological dynamic के अन्तर्गत संज्ञान (Cognition), (emotion) संवेग, (motivation) अभिप्रेरणा, (attitude) मनोवृत्ति, ~~और~~ व्यवहार आदि आते हैं जो व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

मनोवैज्ञानिकों द्वारा किए गए अध्ययनों से यह भी देखा गया कि identity, personality, coping strategies, stress appraisal, emotion, anxiety, depression के आधार पर मानसिक स्वास्थ्य को काफी हद तक जाना जा सकता हैं।

3) Social dynamics => इसके अन्तर्गत सामाजिक अंतःक्रिया का व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया जाता हैं। Social dynamic को दो भागों में बाँटा गया है। — a) Interpersonal factors तथा b) Cultural factors. Interpersonal factors का तात्पर्य संचार की शैली, दोस्तों का दबाव (peer pressure) तथा पालन-पोषण ~~तकनीक~~ (Parenting Strategy) से होता हैं। इस स्वरुप काफी गतिशील होने के कारण इसका प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर समय-समय पर परिवर्तित होता रहता हैं।

Cultural factors का तात्पर्य किसी संस्कृति से जुड़े हुए रीति-रिवाज, साथ ही और भी कई कारकों का प्रभाव व्यक्ति के मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता हैं।

Scanned by TapScanner

## Strengths of Bio-psychosocial model :=> (Benefits)

1) चिकित्सीय ज्ञान के बारे में जागरुक करना biopsychosocial model के आधार पर होता है।

2) रोगी में संतुष्टि, व्यवहार परिवर्तन, अच्छे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य का विकास किया जाता है।

3) स्वास्थ्य के प्रति हानिकारक ~~कारकों~~ कारकों में कमी लाने के लिए अच्छे तकनीकों का विकास तथा उपयोग किया जाता है।

4) Drug addiction जो कि स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है इस model के सहारे उससे दूर रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी जाती है।

5) Psychological techniques का विकास किया जाता है ताकि immune System को मजबूत किया जा सके रोग (तनाव, विषाद) का सामना करने के लिए।

6) चिकित्सक तथा रोगी के बीच संचार मजबूत बनता है।

7) मानसिक स्वास्थ्य संबंधि समस्या को समझने में यह Model काफी उपयुक्त है।

8) मानसिक या शारीरिक रुप से अस्वस्थ रोगी को सामाजिक समर्थन तथा सहयोग का विकास तथा उपयोग इस Model के सहारे किया जाता है।

9) Life quality programmes का विकास तथा उपयोग करना।

10) इस Model का उपयोग किसी प्रकार के दर्द तथा सामाजिक समस्या को पहले से समझने में मदद करने में भी होता है।

Scanned by TapScanner

## Weakness of Bio-psychosocial Model :→ (Demerits)

1) यह Model काफी अधिक खर्चीला तथा समय लगने वाला Model है।

2) इस Model के समर्थन में वैज्ञानिक ~~साक्ष्य~~ तथ्यों या सिद्धान्तों की काफी कमी है।

3) इस Model के आधार पर जब व्यक्ति के स्वास्थ्य की व्याख्या की जाती है तो अधिक मात्रा में सूचनाओं की आवश्यकता होती है जैसे (सामाजिक आर्थिक स्थिति, संस्कृति, धर्म, मनोवैज्ञानिक कारक आदि).

4) जैविक, मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक कारकों के बीच जो संबंध इस model के ~~ब~~ द्वारा दर्शाया जाता है वह काफी जटिल होता है।

5) यह काफी खर्चीला होने के कारण अधिकांश स्वास्थ्य केन्द्र के द्वारा इसे समझाया जाना संभव नहीं हो पाता है।

Scanned by TapScanner